<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

(तिथि 13 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- प्रदेश मे घरेलू रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बारे फैलाई जा रही अफवाहें पूरी तरह से बेबुनियाद हैं।
- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच लोगों से संयम और भरोसा बनाए रखने की अपील की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया और प्रकृति के संरक्षण पर बल दिया।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गुरुग्राम जिले में बिलासपुर के पास निर्माणाधीन स्थल पर हुए हादसे का स्वतः संज्ञान लिया । मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया ।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की जिसके तहत पात्र किसानों को गुवाहाटी से सीधे उनके बैंक खातों में 2,000 रुपये मिलते हैं । श्री मोदी ने एक क्लिक के साथ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये अंतरित किए ।

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मध्य-पूर्व में युद्ध जैसी स्थितियों के कारण घरेलू एल पी जी गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में रुकावट के बारे में फैलाई जा रही अफवाहें पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मुख्यमंत्री ने आज चंडीगढ़ में कहा कि राज्य में ईंधन और गैस की उपलब्धता की समीक्षा करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ

अधिकारियों और तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है।तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और गैस की आपूर्ति लगातार की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चोरी, कालाबाजारी या जमाखोरी की कोई भी शिकायत मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए।

------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने लोगों से संयम और भरोसा बनाए रखने की अपील की है।करनाल मे आज श्री  हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर आने वाली हर चुनौती का मजबूती और आत्मविश्वास के साथ सामना कर रहा है।उन्होंने कहा कि इस समय कई देशों में चल रहे युद्ध और तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिखाई दे रहा है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और आर्थिक दबाव इसका बड़ा उदाहरण हैं। श्री हरविंद्र कल्याण ने लोगों से कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में घबराने की जरूरत नहीं है।

------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------

पलवल के उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि उपभोक्ताओं को रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला में विभिन्न गैस एजेंसी संचालकों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार के घर पर ही एलपीजी की सप्लाई की जा रही है। डॉ वशिष्ठ ने आज एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक के बाद जिला वासियों से किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करने का भी आह्वान किया।

3- हरीश कुमार -31 सेकंड

------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------

कुरुक्षेत्र में  जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं, उपभोक्ता मामले नियन्त्रक नरेश कुमार ने आज बताया कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने

कहा कि जिला में 27 गैस एजेंसी हैं और एजेंसियों के पास एल.पी.जी का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि वे अफवाहों पर कोई ध्यान ना दें, वे सम्बन्धित गैस एजेंसी से जरूरत अनुसार एल.पी.जी ले सकतें है।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

भिवानी के उपायुक्त साहिल गुप्ता ने कहा है कोई भी व्यक्ति अनावश्यक तरीके से घरेलू या व्यापारिक गैस का अनावश्यक भंडारण करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रशासन गैस आपूर्ति की व्यवस्था पर पूर्णतया: नजर रखे हुए है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

-------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया और प्रकृति के संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव हमारी संस्कृति प्रकृति प्रेम व सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। इन समस्याओं का समाधान केवल और केवल प्रकृति के संरक्षण में ही निहित है।मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रकृति के संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पंचायत भूमि और सार्वजनिक भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा। करनाल में वन विभाग की 100 एकड़ भूमि में लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से एक हिरण पार्क बनाया जाएगा। उन्होंने सभी से पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। ।हमारी संवाददाता ने बताया है कि पहली बार इस तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया गया है। एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी जनता के लिए खोला गया है।बसंत उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

------------------------------------------------------------------------------------------

----------------

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग  ने गुरुग्राम जिले में बिलासपुर के पास एक निर्माणाधीन स्थल पर दीवार गिरने से सात श्रमिकों की मौत और तीन अन्य लोगों के घायल होने की मीडिया रिपोर्ट के संबंध में हरियाणा के मुख्य सचिव और गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है।हादसे का  स्वतः संज्ञान लेते हुए, आयोग  ने दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------

जींद के सफीदों में 7 मार्च को हुई दर्दनाक फैक्ट्री घटना के मामले में पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आज एक पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया-

उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच विशेष जांच दल द्वारा की जा रही है। जिसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी कर रही हैं। एक प्रश्न के उत्तर में  पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला में गैस सिलेंडर व अन्य घरेलू सामान की कालाबाजारी नहीं करने दी जाएगी

------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------

नगर निगम फरीदाबाद द्वारा कल से फरीदाबाद फ्लावर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। निगम महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि टाउन पार्क में आयोजित किए जा रहे इस  दो दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल करेंगे। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा –

उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहर में हरियाली, बागवानी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------------